भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 1419

गुरुवार, 14 दिसम्बर, 2023/23 अग्रहायण, 1945 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

लोकप्रिय पर्यटन गंतव्यों पर भीड़भाड़

1419 **श्री इमरान प्रतापगढ़ी:**

श्री दिग्विजय सिंह:

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को लोकप्रिय पर्यटन गंतव्यों पर अत्यधिक भीड़-भाड़ के कारण उत्पन्न संकट की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो इन गंतव्यों पर अत्यधिक भीड़-भाड़ और अन्य संकटों के क्या कारण हैं;

(ग) सरकार ने अवसंरचना में सुधार करने और अत्यधिक भीड़-भाड़ पर काबू पाने के लिए क्या कदम उठाए हैं; और

(घ) क्या मंत्रालय को आबंटित निधि में जिम्मेदारीपूर्ण पर्यटन व्यवहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शैक्षिक अभियानों और सूचना प्रसार पहलों हेतु किया गया वित्तपोषण शामिल है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ): जी, हॉ। सरकार ने स्वदेश दर्शन, प्रशाद और केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजनाओं के माध्यम से अवसंरचना को बेहतर बनाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। पर्यटन मंत्रालय नए गंतव्यों का विकास भी कर रहा है।

पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी पर्यटन हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की है। इस नीति के कार्यान्वयन में मंत्रालय की सहायता के लिए मंत्रालय ने भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम) को केन्द्रीय नोडल एजेंसी - स्थायी पर्यटन (सीएनए-एसटी) नामित किया है।

स्थायी पर्यटन हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति की तर्ज पर पर्यटन मंत्रालय ने ट्रैवल फॉर लाइफ पहल की शुरूआत की है। ट्रैवल फॉर लाइफ का लक्ष्य पर्यटन संसाधनों की खपत हेतु पर्यटकों और पर्यटन व्यवसायों के लिए उठाए गए सुविचारित और सुनियोजित कदमों के माध्यम से देश में स्थायी पर्यटन का संवर्धन करना है।

यह मंत्रालय आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत ऐसी पहलों का वित्तपोषण कर रहा है।

****